**भारत सरकार**

**इस्पात मंत्रालय**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या *103**
**03 दिसंबर, 2024 को उत्तर के लिए**

**मेरठ में इस्पात संयंत्र की स्थापना**

*103. श्री अरुण गोविल:
क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का मेरठ में इस्पात संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव है ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित किए जा सकें और क्षेत्र के युवाओं को औद्योगिक विकास से लाभ मिल सके; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**इस्पात मंत्री** **(श्री एच.डी. कुमारास्वामी)**

(क) और (ख): विवरण लोक सभा के पटल पर रख दिया गया है।

**"मेरठ में इस्पात संयंत्र की स्थापना" के संबंध में श्री अरुण गोविल, संसद सदस्य द्वारा दिनांक 03.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित (*) प्रश्न संख्या *103 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण**

(क) और (ख): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और इस्पात मंत्रालय एक सुविधाप्रदाता के रूप में कार्य करता है। इस्पात संयंत्र की स्थापना संबंधी निर्णय कच्चे माल की उपलब्धता, पत्तन से दूरी, लॉजिस्टिक आदि को ध्यान में रखते हुए तकनीकी-वाणिज्यिक सोच-विचारों के आधार पर उद्योग द्वारा लिए जाते हैं।

*****